अतिथि सत्कार में रोजगार की अपार संभावनाएं ।

भगत फूल सिंह महिला विश्विद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग के द्वारा एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री जी, जोकि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष है, जोकि पूर्व कुलपति हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्विद्यालय भी रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुदेश जी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मुख्य वक्ता का अभिनन्दन किया ओर अतिथि सत्कार ओर पर्यटन से सम्बंधित जानकारी साझा की। इस कार्यक्रम का मंच संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक - डॉ. ईशानी चोपड़ा जी ने किया। प्रो. अग्निहोत्री जी ने अपने उधवोधन में अतिथि सत्कार ओर पर्यटन के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि पर्यटन में प्रगति होने पर अर्थव्यवस्था में भी नए सकारात्मक बदलाव आते हैं। पर्यटन को आर्थिक विकास और रोज़गार बढ़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। पर्यटन क्षेत्र आर्थिक विकास का माध्यम है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्र को जोड़े रखने के लिए पर्यटन एक रीड की हड्डी की भूमिका रखता है और पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सहायक है। इस अवसर विभाग के इंचार्ज डॉ. पंकज मिश्र ने बताया कि भारत में प्रचीन समय से ही अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम की परम्परा रही है जिसका अनुसरण आज सम्पूर्ण विश्व कर रहा है। पर्यटन का विस्तार किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था का मूल स्त्रोत है और साथ ही इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं है जिसमे विद्यार्थी अपने भविष्य बना सकते है।